Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 26-07-2006

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Need to open IITs in Patna and Northern Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदया, बिहार राज्य में एक भी आईआईटी संस्थान नहीं है। बिहार की आबादी करीब नौ करोड़ है। वैसे ही राज्य देश के अत्यंत पिछड़ राज्यों की श्रेणी में प्रथम है। वहां के बच्चे देश के सुदूर अन्य भागों में जाकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हैं। बिहार में आईआईटी की स्थापना के लिए पिछली राज्य सरकार और वर्तमान सरकार भी केन्द्र से आग्रह करती आ रही है, किंतु अभी तक केन्द्र सरकार ने इस ओर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि बिहार में कम से कम दो आईआईटी की स्थापना के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए और एक आईआईटी राज्य की राजधानी पटना में स्थापित हो और दूसरा उत्तरी बिहार में हो, ताकि हार की जनता के साथ न्याय हो सके।